# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/3526
दिनांकः 25.02.2021

**अनुस्मारक–2**
**अति आवश्यक**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय : विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली आगामी समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर सी0सी0टी0वी (ओडियों सहित) की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक पूर्व में प्रेषित विश्वविद्यालय के पत्रांक परीक्षा/3382, दिनांक 25.01.2021 कर संज्ञान लेने का कष्ट करें। उक्त के आलोक में महाविद्यालय/संस्थान जिन्हें परीक्षा केन्द्र बनाया गया है उनमें से अधिकांश ने परीक्षा केन्द्रों पर वर्तमान तक भी सी0सी0टी0वी0 (ओडियो सहित) की व्यवस्था नहीं की है। जबकि विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाओं को सुचारू रूप से नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा परीक्षाओं हेतु बनाये जाने वाले समस्त परीक्षा केन्द्रों के परीक्षा कक्षों में आगे एवं पीछे की ओर सी0सी0टी0वी0 (ओडियो सहित) लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में निदेशानुसार पुनः अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की दिनांक 25.02.2021 से आयोजित समस्त परीक्षाओं हेतु परीक्षा केन्द्र बनाये जाने की प्रक्रिया को दृष्टिगत रखते हुये सभी महाविद्यालयों/संस्थानों में **अनिवार्य रूप से कक्ष के आगे व पीछे के भाग में दो कैमरों (ओडियो सहित)/डी0वी0आर0** की व्यवस्था अतिशीघ्र सुनिश्चित करते हुये कैमरों का लिंक अविलम्ब विश्वविद्यालय के सी0सी0टी0वी0 नियन्त्रण कक्ष को अवगत कराने का कष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित कर लें कि लगाये गये कैमरें/डी0वी0आर0 भली–भाँति कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

01. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
05. सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

परीक्षा नियंत्रक